प्रेस विज्ञप्ति

इरेडा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) में महिला कर्मचारियों का अभिनन्दन करते हुए और सभी कार्य क्षेत्रों में महिलाओं का नेतृत्व प्रोत्साहित करने के लिए 8 मार्च, 2021 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया।

इरेडा के सीएमडी श्री प्रदीप कुमार दास ने अपने संबोधन में सभी महिला कर्मचारियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और उन्हें विविध क्षेत्रों में अपने कौशल को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। सीएमडी ने संगठन में नेतृत्व की भूमिकाओं में लैंगिक समानता करने और महिला कर्मचारियों को बढ़ावा देने के लिए इरेडा की प्रतिबद्धता को दोहराया। वर्तमान में इरेडा में 24% महिला कर्मी हैं।

इस अवसर पर एनएचपीसी के सीएमडी श्री अभय कुमार सिंह विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इरेडा के निदेशक (तकनीकी) श्री चिंतन शाह और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के क्रम में महिला कर्मचारियों ने "महफिल-ए-हुनर" नामक सत्र में अपनी-प्रतिभाओं को दिखाया। नेशनल प्रोग्रेसिव स्कूल कान्फ्रेंस की सचिव डॉ. सुधा आचार्य ने “महिलाओं में लीडरशिप: कोविड -19 विश्व में एक समान भविष्य प्राप्त करना” पर एक इंटरैक्टिव सत्र संचालित किया। फोर्टिस अस्पताल की वरिष्ठ सलाहकार डॉ. नीमा शर्मा ने “सरवाइकल कैंसर की रोकथाम” पर चर्चा की। इरेडा की महिला कर्मचारियों ने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए कार्यों और अन्य क्षेत्रों में अपने-अपने अनुभवों को साझा किया।